卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 190 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦17 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

UTTARANCHAL DARPAN

## शातिर बदमाश पुलिस की गोली से घायल

### कुआंवाला के जंगल में हुई मुठभेड़, आरोपी पर दर्ज हैं सात मुकदमे

देहरादून(उद संवाददाता)। 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान बीती रात देहरादून पुलिस और एक शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए दून अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी देहरादून ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार, 16 अप्रैल की मध्य रात्रि पुलिस कंट्रोल रूम को हर्रावाला क्षेत्र में एक संदिग्ध सफेद स्विफ्ट कार के घूमने की सूचना मिली थी। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो कार



चालक ने भागने का प्रयास किया और हर्रावाला चौकी पर बैरियर तोड़कर हरिद्वार हाईवे की ओर निकल गया। एसएसपी के निर्देश पर तत्काल सभी चेक पोस्ट अलर्ट किए गए। पीछा करने के दौरान कुआंवाला से करीब एक किमी आगे कार अनियंत्रित होकर एक हाईवे बोर्ड से टकरा गई। इसके बाद आरोपी जंगल की ओर भागा और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया।पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से एक देशी तमंचा (315 बोर), दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को भी सीज कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान 26 वर्षीय क्रान्ता नाथ पुत्र मौसमनाथ, निवासी सपेरा बस्ती, पथरी के रूप में हुई है। आरोपी डोईवाला और रानीपोखरी में चोरी के कई मामलों में वांछित चल रहा था और उसके खिलाफ पूर्व में चोरी व आर्म्स एक्ट सहित सात अभियोग पंजीकृत हैं। एसएसपी देहरादून ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## बेकाबू डंपर की टक्कर से सिपाही का हाथ कटकर हुआ अलग,हालत नाजुक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रुद्रपुर-हल्द्वानी स्टेट हाईवे पर गुरुवार शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें टीपी नगर चौकी में तैनात सिपाही पुष्कर रौतेला गंभीर रूप से घायल हो गए। बेलगाम दौड़ते एक डंपर ने सिपाही की बाइक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उनका दाहिना हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया और सड़क पर जा गिरा। जानकारी के अनुसार, सिपाही पुष्कर रौतेला विभागीय कार्य से रुद्रपुर एफएसएल लैब गए थे। शाम को वापसी के दौरान बेलबाबा मंदिर के पास एक कार को ओवरटेक करने के प्रयास में डंपर ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भयावह थी कि हेलमेट पहनने के बावजूद सिपाही के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और हड्डियां चटक गई हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और सड़क लहूलुहान हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घायल सिपाही को तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ते देख रुद्रपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. अजय बजाज को आपातकालीन स्थिति में हल्द्वानी बुलाया गया। संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एसएसपी मंजुनाथ टीसी स्वयं अस्पताल पहुंचे और प्रोटोकॉल दरकिनार कर मेडिकल किट पहनकर ऑपरेशन थिएटर के भीतर चले गए ताकि उपचार की निगरानी कर सकें। अस्पताल में सिपाही की (शेष पृष्ठ सात पर)




## बेहड़ ने समर्थकों के साथ एनएच पीडी को घेरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा के सबसे व्यस्त दरऊ चौक के कट को खोलने की मांग को लेकर आज किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने भारी संख्या में क्षेत्र वासियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के परियोजना निदेशक के आर्क होटल के पीछे बत्रा कालोनी स्थित कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया और परियोजना निदेशक अचल जिंदल का घेराव कर उनसे जनहित में दरऊ चौक कट को शीघ्र खोलने की मांग की। श्री बेहड़ ने कहा कि किच्छा का दरऊ चौक क्षेत्र का सबसे व्यस्त चौक है। विभाग द्वारा यहां कट लगाकर रास्ता रोक देने से लोगों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कई लोग गलत दिशा से सड़क पार करने को मजबूर हो रहे हैं



जिस कारण यहां आये दिन दुर्घटनायें हो रही है। श्री बेहड़ ने कहा कि इस सन्दर्भ में वह पूर्व में भी बार आग्रह कर चुके हैं परंतु कट नहीं खोला गया। उन्होंने पीडी अचल जिंदल से स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जनहित में इस कट को शीघ्र नहीं खोला गया तो वह जनता को साथ लेकर विभाग के खिलाफ आन्दोलन तेज करने को बाध्य होंगे। इस दौरान क्षेत्रवासी व कार्यकर्ता कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, अरुण शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, मोहनखेड़ा, दलजीत सिंह, रमेश तिवारी, सर्वेश कुमार सिंह, गुरदास काडला, प्रेम आर्य, गुलशन सिंधी, राजीव अग्रवाल, सुनीता कश्यप, साहब सिंह, विजय पुजारा, दिलीप बिष्ट, एनयू खान, मेजर सिंह, शिशु पाल सिंह, रणजीत राणा, सुनील जड़वानी, मोनिका ढाली, विकास (शेष पृष्ठ सात पर)

## संघ कार्यकर्ता से अभद्रता पर कोतवाली घेरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूवार की रात्रि किसी कार्य के लिए ट्रांजिट कैम्प गये आरएसएस के कार्यकर्ता के साथ वहां तैनात एक दरोगा द्वारा अभद्रता कर धक्का मुक्की करने और कोतवाली से बाहर कर दिये जाने के खिलाफ भारी संख्या में आरएस एस कार्यकताओं के साथ भाजपा, विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने रात्रि में ही ट्रांजिट कैम्प कोतवाली का घेराव कर गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। साथ ही मामले की जानकारी क्षेत्रीय विधायक, महापौर सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दी। जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा मौके पर पहुंचे और उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ ही पुलिस अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। बताया जाता है कि आरएसएस का एक पदाधिकारी रमेश एक मामले में बातचीत करने के लिए



रात्रि करीब दस बजे ट्रांजिट कैम्प आया था। उसका आरोप है कि जब वह कोतवाली पहुंचा तो वहां तैनात एक दरोगा ने उससे अभद्रता करते हुए दलाल तक कह दिया और धक्का मुक्की करते हुए कोतवाली से बाहर जाने को कहा। इसकी भनक मिलते ही वहां संघ कार्यकताओं सहित भाजपा के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्ता कातवाली आ धमके और उन्होंने आरोपी दरोगा के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग कर रात्रि में ही ट्रांजिट कैम्प कोतवाली का घेराव कर गेट के समक्ष धरना शुरू कर दिया। साथ ही मामले की जानकारी क्षेत्रीय विधायक, महापौर सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दी। कार्यकर्ता पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने के साथ ही भजन व जयघोष भी करते रहे। मध्य रात्रि कोतवाल मोहन (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'पहाड़' की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को 'हाई कोर्ट का टॉनिक'

### अब बॉन्ड धारी डॉक्टर भी चढ़ेंगे पहाड़, एमबीबीएस के बाद दुर्गम क्षेत्रों में दी गई सेवा को अनिवार्य सेवा अवधि में जोड़ा जाएगा

-अर्श-

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अपने एक अहम आदेश के तहत बॉन्ड धारी चिकित्सकों के लिए तीन साल की पहाड़ की सेवा अनिवार्य कर दी है। उच्च न्यायालय के उपरोक्त आदेश के बाद ऐसा माना जा रहा है, कि अब पहाड़ के स्वास्थ्य केंद्रो में डॉक्टरों की कमी की समस्या से काफी हद तक छुटकारा मिल सकेगा और हाई कोर्ट का यह आदेश पहाड़ की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की सेहत सुधारने की दिशा में एक असरदार टॉनिक साबित होगा। डॉ मेहुल सिंह गुंज्याल एवं अन्य द्वारा सरकार के विरुद्ध प्रस्तुत याचिका का निस्तारण करते हुए मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं सुभाष



उपाध्याय की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि बॉन्ड धारी चिकित्सकों को तीन साल तक पहाड़ में अपनी सेवाएं देनी ही होगी । खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार बॉन्ड धारी चिकित्सकों को दुर्गम क्षेत्र में तीन साल से अधिक की सेवा देने के लिए बाध्य नहीं करेगी। खंडपीठ ने अपने निर्णय में कहा कि यदि किसी छात्र ने एमबीबीएस करने के बाद और पीजी के पहले यदि दुर्गम क्षेत्र में अपनी सेवाएं दी हैं, तो उस सेवा अवधि को संबंधित छात्र की पीजी के बाद की अनिवार्य सेवा अवधि में जोड़ा जाएगा। खंडपीठ ने सरकार की चिंता का समाधान करते हुए स्पष्ट किया कि सरकार के पास बॉन्ड राशि वसूलने का अधिकार सुरक्षित रहेगा, बशर्ते की याची पीजी के बाद की आवश्यक सेवा अनिवार्य सेवा की शर्तों का उल्लंघन न करें। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त मामला उस समय नैनीताल उच्च न्यायालय के संज्ञान में लाया गया था ,जब सरकार चिकित्सकों को पीजी के बाद पूरी सेवा अवधि दुर्गम क्षेत्र में ही बिताने का दबाव डालने की कोशिश कर रही थी।

## स्मैक के साथ दो युवक दबोचे

काशीपुर । कुंडा थाना पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दो बाइक सवार युवकों को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 8.09 ग्राम स्मैक बरामद की है।कुंडा थाना पुलिस टीम ठाकुरद्वारा बॉर्डर के पास ढांडी पुल पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बिना नंबर की बाइकपर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो वे भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 8.09 ग्राम



अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान समीर खान पुत्र कदीर खान और अजीम पुत्र नफीस अहमद, निवासी मोहल्ला मनिहारन, फतेहउल्लागंज, थाना ठाकुरद्वारा (उत्तर प्रदेश) के रूप (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुख्य सचिव ने किया निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स निरीक्षण

किच्छा । सूबे के मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को किच्छा में 351 करोड़ की लागत से 280 बेड का निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रमिकों की संख्या व उपकरण बढ़ाते हुए कार्यों में गति लाकर आगामी माह जुलाई तक चिकित्सालय कार्य पूर्ण करने के निर्देश अभियंता सी पी डब्लू डी को दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय भवनों को कार्ययोजना बनाते हुए प्राथमिकता से पूर्ण करें ताकि माह अगस्त से ओपीडी प्रारम्भ की जा सके। अभियंता सी पी डब्लू डी उत्पल त्रिपाठी ने बताया कि चिकित्सालय का कार्य 30 जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवासीय भवनों का कार्य 85 प्रतिशत से अधिक हो गया है जिसे मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। चिकित्सालय की सड़कों का निर्माण भी मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा प्लांटेशन का कार्य जून में किया जाएगा।उन्होंने बताया कि एम्स में 250 बेड, 10 ओटी, 30 आईसीयू बेड, डायग्नोसेस एंड लेब, कार्डियोलोजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलोजी, न्यूरोलॉजी, जनरल सर्जरी, आर्थो, जनरल मेडिसिन, पेडियाट्रिक, इमरजेंसी एंड ट्रॉमा बनाए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि चिकित्सालय में सराय व शॉपिंग कॉम्पलेक्स का भी निर्माण किया जा रहा है। निदेशक एम्स ऋषिकेश प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि चिकित्सालय कार्य पूर्ण कर जुलाई में हस्तगत होता है तो अगस्त से ओपीडी प्रारम्भ कर दी जाएगी। अधीक्षण अभियंता सिंचाई ने बताया कि एम्स के हाईवे साइड तीन एप्रोच गेट हैं जहां जुलाई से पूर्व नाला निर्माण कर एप्रोच पुलिया बना दी जाएंगी। इस दौरान मुख्य सचिव व मंडलायुक्त ने परिसर में पौधारोपण भी किया।निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पी के दीक्षित, अधिशासी अभियंता सिंचाई बी एस डांगी, लो नि वि गजेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, एजीएम एनसीसी अजौय, प्रबंधक शंकर बालू, हरिशंकर, सहायक अभियंता सीपी डब्लूडी राकेश पटेल आदि मौजूद थे।





# ठुकराल ने महाचड़क पूजा में पहुंचकर लिया आशीर्वाद

रुद्रपुर। रविंद्र नगर स्थित नेताजी सुभाष पार्क में आयोजित 13वीं महाचड़क पूजा में पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों ने ठुकराल का भव्य स्वागत किया और उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। महाचड़क पूजा के अवसर पर ठुकराल ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराएं समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं। उन्होंने विशेष रूप से पूजा में कठिन साधना कर रहे सन्यासियों के धैर्य और अटूट आस्था की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। ठुकराल ने कहा कि महाचड़क पूजा बंगाली समाज की आस्था का प्रतीक है और ऐसे धार्मिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस दौरान बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, संजीत विश्वास, संजय हाल्दार, परितोष मण्डल, राजू मलिक, गोविंद सरकार, नवीन अधिकारी, रामादंद जोद्दार, आनन्द शर्मा, पार्षद विष्णु, पूर्व पार्षद बबलू सागर, विपुल गाईन, सत्यजीत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# शिविर में गर्भवती महिलाओं किया जागरूक

गदरपुर। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखंड के द्वारा जनपद उधम सिंह नगर के दूरस्थ क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं एवं तीमारदारों को जागरूक करने हेतु विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इसी कड़ी में स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर के अंतर्गत उपकेंद्र खेमपुर के दूरस्थ क्षेत्र पड़किया में गुरुवार को विशेष चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेखा द्वारा गर्भवती महिलाओं की गहन स्वास्थ्य जांच की गई।कार्यक्रम के दौरान एएनएम शशि द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ. मोहम्मद इदरीश (सीएचओ) और फार्मासिस्ट के.एन. जोशी द्वारा ग्रामीणों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। आशा फैसिलिटेटर अंजू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा बहनों ने घर-घर जाकर जन समुदाय को जागरूक किया और उन्हें कार्यक्रम स्थल तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल का मुख्य उद्देश्य मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाना और सुरक्षित प्रसव के प्रति ग्रामीणों को सचेत करना है।



# शानदार रहा न्यू लाइट स्कूल का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम

नानकमत्ता। न्यू लाइट स्कूल नानकमत्ता ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं की परीक्षा में इस वर्ष शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं सफल घोषित हुए हैं, जिससे विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों में खुशी की लहर है। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है।संदीप सिंह ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि एंजल मिस्त्री ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अमनदीप कौर ने 83 प्रतिशत, अक्षदीप कौर ने 81 प्रतिशत, गुरप्रीत कौर ने 80 प्रतिशत तथा हरमनदीप कौर ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक मलूक सिंह खिंडा एवं प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत कौर ने इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का सुखद परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी लगन और परिश्रम के साथ सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।



# व्यापारी नेता प्रसनजीत को मातृ शोक

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। नगर के व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उस समय शोक की लहर फैल गई जब दिनेशपुर व्यापार मंडल के महामंत्री प्रसनजीत शाह उर्फ हाजु की माता श्रीमती सुभद्रा शाह (66) के निधन का समाचार प्राप्त हुआ। वह पिछले लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं और दिल्ली के एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था।परिजनों के अनुसार, चिकित्सकों ने उनकी हालत अत्यधिक गंभीर होने पर उन्हें घर ले जाकर देखभाल करने की सलाह दी थी। गुरुवार को उन्हें दिल्ली से दिनेशपुर लाने की तैयारी चल रही थी, तभी उन्होंने अंतिम सांस ली। देर रात्रि उनका पार्थिव शरीर दिनेशपुर स्थित शाह निवास लाया गया, जहां अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक छा गया और बड़ी संख्या में लोग शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे।इस दुखद अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, शुभेंदु राय, मनोज राय, रवि सरकार, विशाल मंडल, विश्वजीत मंडल, विकास सरकार, हिमांशु सरकार, अनादीरंजन मंडल,रोहित मंडल सहित प्रतीक शाह,संगीता, प्रीति, सागर,उर्मिला राय, राधा विश्वास, शिरवा ढाली, प्रभा राय, शोष्ठि ढाली एवं जमुना मंडल ने शोक व्यक्त किया।



# स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल में माही रौतेला बनी टॉपर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा जिसमें 32 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय की छात्रा माही रौतेला ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही अपूर्व शर्मा ने 97 प्रतिशत और आरव गुप्ता ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में गीतिका वर्मा 94.8 प्रतिशत, आकाशी 94.4 प्रतिशत, माही राणा 94 प्रतिशत, श्रेयशी वर्मा 94 प्रतिशत, आदर्श त्रिपाठी 94 प्रतिशत, अंकिता पांडे 94 प्रतिशत तथा रोशनी भट्ट 93.8 प्रतिशत अंक लेकर सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त विद्यालय के 17 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।विद्यालय प्रबंधक राजेश सलूजा, प्रधानाचार्य संजीव स्टीफन एवं समस्त शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों का सहयोग तथा शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन बताया। सफल छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर खुशी साझा की।

# बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने और बसपा को मजबूत करने का आह्वान

गदरपुर । बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस कंबोज धर्मशाला में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर और काशीराम के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी विजय शाह, उमाशंकर गौतम, अनूप सिंह और जफर मलिक की गरिमामय उपस्थिति रही। वक्ताओं ने बाबा साहेब द्वारा संविधान निर्माण और समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। कार्यक्रम में उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया और बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया।बैठक में उपस्थित चरणजीत सिंह द्वारा सभी आमंत्रित मुख्य अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सी आर धोनी, नंद गोपाल गौतम, प्रदेश सचिव भुवन चंद्र आर्य, लोकसभा प्रभारी हरीश नौली एवं जिला अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर इस्लाम सैफी, चंद्रकेश्वर, लक्खी चंद रजक, फूल सिंह सागर, लाल मुनि पासी, जसवंत सिंह चौहान, हर ज्ञान सिंह, राजकुमार, सदानंद आजाद, हरिराम प्रधान, रामचंद्र प्रधान, राजेश कुमार सागर, कौशल कुमार, अरविंद राणा, पिंटू गौतम, सदा प्रिया गौतम, करण सिंह भारती, शिव कुमार सागर, ओंकार सिंह आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय जिला पंचायत, ऊधमसिंहनगर

पत्रांक-124/काम्पेक्टर/ जि.पं. ऊ.सिं.न./2025-2026 दिनांक 16.04.2026

### ई-निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर के क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित काम्पेक्टरों का संचालन, रख-रखाव एवं कूड़ा पृथक्कीरण हेतु मानव श्रम की आपूर्ति के कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुबन्ध की तिथि से दिनॉक 31.03.2028 तक के लिए ई-निविदा के माध्यम से कार्य कराया जायेगा, जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारों से ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है, जो कि दिनांक 18.04.2026 से websits www.uktenders.gov.in पर दिनाक 30.04.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक बिक्री हेतु उपलब्ध होंगी तकनीकी निविदा दिनांक 30.04.2026 को 01:00 बजे जिला पंचायत सभागार में खोली जायेंगी। तकनीकी निविदा की प्रकिया पूर्ण होने के उपरान्त वित्तीय निविदा खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी को वेबसाईट अथवा किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकित किया जा सकता है

भविष्य में इस निविदा सम्बन्धित कोई भी विवरण /शुद्धिकरण मात्र उक्त वेबसाइट पर ही प्रसारित किया जायेगा

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर


# 27वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता का भव्य आगाज

पंतनगर। विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में 27वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान द्वारा झंडारोहण के साथ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उर्मिला तडियाल एवं पूनम त्रिपाठी जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्टाफ स्पोर्ट्स में जबलपुर में कांस्य पदक हासिल किया था को मशाल सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य ही धन है पर बल देते हुए सभी से नियमित रूप से व्यायाम करने एवं खेल कूद में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि विश्व के खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार वर्ष 2050 तक भारत की 70 प्रतिशत जनसंख्या मधुमेह से पीड़ित हो सकती है। अतः समय रहते स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना अनिवार्य है।उन्होंने कहा कि पुरुष एवं महिला में सही जनन उर्वरता के लिए तीन सूक्ष्म पोषक तत्वों कोबाल्ट, तांबा और जस्ते की समुचित मात्रा आवश्यक है। इस अवसर पर कुलपति द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जबलपुर में आयोजित स्टाफ स्पोर्ट्स में विश्व विद्यालय के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रस्साकस्सी प्रतियोगिता में महिला वर्ग से प्रशासनिक भवन की टीम ने और पुरुष वर्ग से सुरक्षा विभाग की टीम ने जीत हासिल की। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन करेंगे।प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर परिसर की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा, डा. पूनम त्यागी, डा. भास्कर तिवारी,आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन के.पी. सिंह द्वारा किया गया।




जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# विधायक शिव ने एसपी क्राइम को सौंपा ज्ञापन



रुद्रपुर। नाम बदलकर व्यापार करने की घटनाओं और गत दिवस त्रिशूल चौक के पास हुए घटनाक्रम को लेकर विधायक शिव अरोरा ने एसएसपी कार्यालय में एसपी क्राइम जीतेन्द्र चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हिंदू संगठनों के साथ लिखित ज्ञापन सौंपकर असामाजिक तत्वों और पहचान छुपाकर व्यापार करने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाने की मांग रखी। मुलाकात के दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि गत दिवस रवि चंद्रा नामक युवक द्वारा जोमैटो पर बिरयानी ऑर्डर की गई थी, जिसकी आईडी सौरभ के नाम से दिखाई दे रही थी। जब डिलीवरी बॉय त्रिशूल चौक के समीप इंडियन रेस्टोरेंट पर ऑर्डर लेने पहुंचा तो पता चला कि इसका मालिक राशिद है। इस बात को लेकर वहां हंगामा खड़ा हो गया और हिंदू संगठन के लोगों ने पहचान छुपाकर व्यवसाय करने का जमकर विरोध किया। विधायक ने इसे धार्मिक भावनाओं के साथ सीधा खिलवाड़ बताया।विधायक शिव अरोरा ने एसपी क्राइम से स्पष्ट कहा कि यह कार्य अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि नाम छुपाकर हिंदू लोगों की भावनाओं को आहत करने की यह सुनियोजित मानसिकता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इसे एकमात्र साइबर अपराध न मानकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताया। विधायक ने कहा कि अब तक लैंड जिहाद, थूक जिहाद और लव जिहाद की बातें सामने आ रही थीं, लेकिन अब रुद्रपुर में बिरयानी जिहाद की शुरुआत देखने में आई है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस विभाग से सघन सत्यापन अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बड़ी घटनाएं घटित हो सकती हैं।विधायक शिव अरोरा ने स्पष्ट संदेश दिया कि उनके रहते ऐसी कट्टरपंथी मानसिकता को पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापार अपनी असली पहचान के साथ करें, नाम छुपाकर हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। एसपी क्राइम जीतेन्द्र चौधरी ने विधायक को भरोसा दिया कि इस मामले में ड्राइव चलाकर ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान गौ रक्षा दल जिला महामंत्री राधे श्रीवास्तव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान, मनीष गोस्वामी, मनोज मदान, विक्की राघव,रचित सिंह,आदेश भरद्वाज, मयंक कक्कड़, मयंक आदि मौजूद रहे।

# नारी शक्ति बंदन अधिनियम के समर्थन में निकाली रैली

खटीमा। भाजपा महिला मोर्चा के तत्वावधान में खटीमा में नारी शक्ति बंदन अधिनियम के समर्थन में स्कूटी एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ. विनीत सक्सेना द्वारा किया गया।रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां लेकर यह संदेश दिया कि अब महिलाओं की भागीदारी नगर पंचायत से लेकर संसद



तक सशक्त और प्रभावशाली होगी। उन्होंने कहा कि जहां पहले संसद में महिलाओं की संख्या सीमित थी, वहीं अब इस अधिनियम के माध्यम से एक-तिहाई भागीदारी सुनिश्चित होगी।इस अवसर पर मोहिनी पोखरिया, सावित्री कन्याल, विमला बिष्ट, प्रीति धीर, प्रेमलता चौहान, अर्चना राय, नीलू गुप्ता, धाना भंडारी, गीता भारद्वाज, तारा बिष्ट, भागीरथी खोलिया, माया जोशी, प्रेमा मेहर, कुलविंदर कौर, मंजू नेगी, अंजली जोशी, भावना चंद, अनीता ज्याला, सोनिया सुनेजा सहित अनेक महिलाएं रहीं।

# आशीष सागर ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में किया टॉप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पीएम श्री अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा इंटर कॉलेज रुद्रपुर के छात्र आशीष सागर ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आशीष ने कक्षा 10 की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंकों के साथ यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय में दूसरे स्थान पर विक्की रहे जिन्होंने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



जबकि तीसरे स्थान पर विक्की शर्मा रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजपति बिंद ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा फल 98 प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे असफल हुए हैं वे दूसरी परीक्षा में बैठकर अपना परीक्षाफल सुधार सकते हैं।इस अवसर पर गिरीश चंद्र शर्मा, यतेंद्र सिंह यादव, भूवन जोशी, कृष्ण राम, प्रमोद बाबू शर्मा, शंकर दत्त पाठक, कमला पांडे, प्रज्ञा शर्मा, प्रभु दयाल सिंह, विनीता दुबे, मनोज कुमार पांडे, शायरा खातून सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने छात्रों को बधाई दी तथा परीक्षा फल पर प्रसन्नता व्यक्त की। शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

# अस्पताल में फैली गंदगी देख भड़के सांसद प्रतिनिधि

## डॉ. कपिल शर्मा ने किया ईएसआईसी अस्पताल का औचक निरीक्षण

रुद्रपुर। सांसद एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के निर्देशानुसार उनके प्रतिनिधि डॉ. कपिल शर्मा ने शुक्रवार को स्थानीय ईएसआईसी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। पिछले कई दिनों से अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं की मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, रसोईघर, दवा वितरण कक्ष और पैथोलॉजी लैब का बारीकी से अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. कपिल शर्मा अस्पताल की बदहाल सफाई व्यवस्था को देख बिफर पड़े। उन्होंने विशेष रूप से शौचालयों और वार्डों में फैली गंदगी पर



गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण वर्मा को तत्काल प्रभाव से स्वच्छता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा कि अस्पताल में स्वच्छता का स्तर उच्च होना चाहिए क्योंकि यह सीधे मरीजों के स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। डॉ. शर्मा ने मरीजों से सीधा संवाद कर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कई मरीजों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं भी रखीं, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।चिकित्सा अधीक्षक के साथ आयोजित बैठक में डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि केंद्र की मोदी और राज्य की धामी सरकार की प्राथमिकता जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि माननीय सांसद अजय भट्ट क्षेत्र की जनता की समस्याओं को लेकर अत्यंत संवेदनशील हैं और उन्हीं के मार्गदर्शन में यह निरीक्षण किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ और भविष्य में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री प्रमोद मित्तल और एडवोकेट सचिन मेलकानी आदि थे।

# अखंड हरिनाम संकीर्तन से गूंजा राधा कृष्ण मंदिर

शक्तिफार्म।गुरुग्राम के राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित दो दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का बृहस्पतिवार सुबह विधिवत शुभारंभ हुआ। भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत इस आयोजन में कीर्तन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया, जिसे सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह पांच बजे पुजारी गोपीनाथ प्रसाद दास ने राधा-कृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के साथ की। इसके पश्चात अखंड संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। जैसे ही कीर्तन की स्वर लहरियां गूंजने लगीं, मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। इस धार्मिक आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आई कीर्तन मंडलियों ने बारी-बारी से अपनी प्रस्तुतियां दीं। दिनेशपुर के ओम शांति हरि संप्रदाय एवं राधा रानी संप्रदाय, सुंदरपुर के श्री गुरु



संप्रदाय, पीलीभीत के लक्ष्मी नारायण संप्रदाय और फूलचांदुआ के विष्णुप्रिया संप्रदाय की मंडलियों ने दो-दो घंटे के अंतराल में भक्ति रस से सराबोर कीर्तन प्रस्तुत किए।मंदिर परिसर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। श्रद्धालु पूरे मनोयोग से भजनों में लीन होकर भक्ति का आनंद लेते नजर आए। आयोजन समिति अध्यक्ष जयंत मंडल ने बताया कि संकीर्तन के दौरान दोनों दिन निरंतर भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे।इस अवसर पर जयंत मंडल, कुशल गोलदार, परेश मंडल, दिलीप मिस्त्री, आकाश हलदार, गणेश वैद्य, निर्मल गाईन, दीपक सरकार, सुकुमार मंडल, टोमस साना, तापस मिस्त्री, विष्णु वैद्य, रबीन खान, अमित हालदार और कालीपद मंडल आदि थे।

# किच्छा मण्डी में गेहूं ताल का शुक्ला ने किया शुभारंभ

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा की नवीन गल्ला मंडी में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद गेहूं तौल कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ एसआई सीमा रावत भी मौजूद रहीं। क्रय केंद्रों पर तौल शुरू होने पर किसानों ने मिष्ठान वितरण कर अपनी खुशी का इजहार किया।तौल कार्यक्रम के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि शासन से गेहूं खरीद की लिमिट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही थी, जिसे 15 अप्रैल को मंजूरी मिल गई। लिमिट अप्रूव होते ही तुरंत तौल शुरू कर दी गई है। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष 1 अप्रैल से 14 अप्रैल तक इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रहा, लेकिन जैसे ही उन्हें पता चला कि लिमिट मंजूर हो चुकी है, वे घड़ियाली आंसू बहाने और धरना प्रदर्शन



करने बैठ गए। उन्होंने जनता से ऐसे लोगों को सबक सिखाने की अपील की।राजेश शुक्ला ने किसानों को आश्वस्त किया कि गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीद सुचारू रूप से शुरू हो गई है और उन्हें किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने किसानों से विशेष अपील की कि वे अपने गेहूं को अच्छी तरह साफ कर और सुखाकर ही मंडी लाएं ताकि तौल के समय उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, अवतार सिंह, मूलचंद राठौर, मुकेश कोहली, राज कुमार, पूरन भट्ट, गफ्फार खान सहित सैकड़ों लोग और किसान उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार में केजरीवाल का जेल जाना तय:तरविंदर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली जंगपुरा विधानसभा सीट से भाजपा विधायक सरदार तरविंदर सिंह मारवाह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कितनी भी तिकडम लड़ा ले लेकिन उनका जेल जाना तय है। विधायक मारवाह करतारपुर स्थित अपने परिचित वीर सिंह के आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के 11 साल के शासनकाल में विकास की रफ्तार पूरी तरह से थम गई थी और भ्रष्टाचार पनप रहा था। केजरीवाल सरकार में बजट 77000 करोड़ था जिसमें केजरीवाल की सरकार मात्र 65000 करोड़ खर्च कर पाई और वर्तमान में भाजपा सरकार में 27 प्रतिशत बजट बढ़ गया जो 1 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की सरकार में दिल्ली विकास से कोसों दूर चली गई थी और वही हाल पंजाब राज्य का भी है क्योंकि जहां भी आम आदमी पार्टी वाली सरकार



बनती है वहां का विनाश तय है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल बचने के लिए ड्रामा कर रहे हैं क्योंकि उनका अस्तित्व खत्म हो चुका है और उनका जेल जाना तय है। अब उनका दिल्ली में कोई नाम लेवा भी नहीं है। विधायक ने कहा कि दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और जनता के हितों से जुड़े हुए मुद्दों का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से देहरादून कॉरिडोर बनाया जिसमें दिल्ली उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य को बहुत फायदा होगा और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबसे ज्यादा विकास कार्य कर रही है दिल्ली में जो कूड़े का पहाड़ था वह लगभग समाप्त हो चुका है और आने वाले कुछ वर्षों में यह पूरी तरह से साफ हो जाएगा और इसकी जगह पार्क स्थापित होगा। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों, युवाओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका लाभ उनको मिल रहा है। वहीं किसानों के लिए भी सरकार में योजनाएं चलाई हैं और बिचलियों को अस्तित्व समाप्त कर दिया गया है। विधायक ने कहा कि दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू है जो केजरीवाल सरकार ने नहीं चलाई थी सिर्फ मोदी विरोध को लेकर। क्योंकि वह अपने आप को मोदी से बड़ा नेता साबित करना चाहते थे। लेकिन दिल्ली की जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकार दिया और धरती पर ला पटका। लेकिन आज आयुष्मान योजना का लाभ आम जन मानस को मिल रहा है और 10 लाख रुपए तक का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# प्लास्टिक मुक्त और ग्रीन रहेगी केदारनाथ धाम यात्रा

## मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग से गुप्तकाशी तक सड़क मार्ग से किया यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण

रुद्रप्रयाग । आस्था और श्रद्धा के महान पर्व के रूप में प्रतिष्ठित श्री केदारनाथ धाम के कपाट वर्ष 2026 की यात्रा हेतु आगामी 22 अप्रैल 2026 को विधि विधान एवं सनातन परंपराओं के किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के मद्देनजर राष्ट्रीय राजमार्ग 107 पर रुद्रप्रयाग से गुप्तकाशी तक कार द्वारा निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जवाड़ी बाईपास, निर्माणाधीन सुरंग, आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों को यात्रा शुरू होने से पूर्व हर हाल में पूर्ण किया जाए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री द्वारा गुप्तकाशी में चारधाम यात्रा पेयजल एवं फूड पैकेट उपलब्ध रखने के निर्देश दिए ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके।मुख्यमंत्री ने यात्रा को प्लास्टिक मुक्त बनाने पर विशेष जोर देते हुए ग्रीन यात्रा के उद्देश्य को सरकार से अतिरिक्त गैस आपूर्ति की मांग की गई है जिससे यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को यात्रा से जोड़ते हुए वोकल फॉर लोकल भरत सिंह चौधरी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, जिलाधि







अनुरूप श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जनपद रुद्रप्रयाग पहुंचे और ग्राउंड जीरो पर यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण तिलवाड़ा में हटाए गए अतिक्रमण, बांसवाड़ा, कुंड काकड़ागाड़ जैसे भूस्खलन संभावित संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सड़क के पेचवर्क, झाड़ी कटान, साइनेज, क्रैश बैरियर, सुरक्षा उपायों एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को लेकर जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार रखने के निर्देश दिए। साथ ही हेलीपैड पर यात्री शेड, लैंडस्लाइड प्रभावित क्षेत्रों के समीप पुलिस चौकियों में आवश्यक सुविधाएं जैसे दवाइयां, प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रामक खबरें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यात्रा से जुड़े सभी हितधारकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। गैस आपूर्ति के विषय में मुख्यमंत्री ने बताया कि वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद केंद्र के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त पैदल मार्गों पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समीक्षा की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रकाश, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग ओंकार पांडे सहित आदि अधिकारी थे।

# गणेश गोदियाल के नाम पर फर्जी पोस्ट को बताया साजिश

## भाजपा पर लगाया छवि धूमिल करने का आरोप, एसएसपी को सौंपा शिकायती पत्र

रुद्रपुर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नाम से सोशल मीडिया पर कथित फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर बंगाली समुदाय को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं पूर्व विधायक नारायण पाल ने कड़ा रुख अपनाते हुए इसे साजिश करार दिया और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई है। रुद्रपुर में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में दोनों नेताओं ने स्पष्ट किया कि गणेश गोदियाल वाईस ऑफ उत्तराखण्ड नाम से बनाई गई फेसबुक आईडी पूरी तरह फर्जी है और इसका उद्देश्य समाज में वैमनस्य फैलाना है। राजकुमार ठुकराल ने कहा कि इस



फर्जी आईडी से बंगाली समुदाय के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी की गई है, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्गों के सम्मान की पक्षधर है और इस तरह की नीच हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। पूर्व विधायकों ने बताया कि स्वयं गणेश गोदियाल ने इस पोस्ट का खंडन किया है। उन्होंने सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि आगामी चुनावों को देखते हुए विपक्षी दल घबराए हुए हैं और इसी कारण कांग्रेस नेतृत्व को बदनाम करने के लिए यह षड्यंत्र रचा गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन और नगर अध्यक्ष ममता रानी ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह बंगाली समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास है। राजकुमार ठुकराल ने बताया कि इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकको लिखित शिकायत सौंपी गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द बेनकाब करने की मांग की। ठुकराल ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस कार्यकर्ता बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। प्रेस वार्ता में ममता हालदार, योगेश चौहान, विकास मल्लिक, उमा सरकार, बाबू विश्वकर्मा, सतीश कुमार, विकास बंसल, संजीव गुप्ता, सुनील चुग, नरेश सागर आदि थे।

# माउंट लिट्रा जी स्कूल का दसवीं का परिणाम रहा शत प्रतिशत

रुद्रपुर । माउंट लिट्रा जी स्कूल रुद्रपुर के कक्षा 10 के परिणाम में शत प्रतिशत उत्तीर्णता दर रही जो कि एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। विद्यालय के टॉपर्स में वंशिका शर्मा 96.6 प्रतिशत, हर्षित 93.6 प्रतिशत, जाह्नवी जायसवाल 92.8 प्रतिशत, अंजलि



91.2 प्रतिशत, निहारिका 89 प्रतिशत, दीप्ति 88.8 प्रतिशत, जतिन 88.8 प्रतिशत, अभिषेक 87.8 प्रतिशत, अविरल 86 प्रतिशत और कालिंदी 85.2 प्रतिशत अंक पाकर शामिल रहे।वंशिका शर्मा ने इनफॉरमेशनल टैक्नौलजी में 100, हिंदी में 99 और अंग्रेजी में 98 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप नैथानी और शिक्षकगण सभी छात्रों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। साथ ही उन्होंने अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग और विश्वास ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है। सफल परीक्षार्थियों को मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया।

# गदरपुर पालिका का 25.86 करोड़ का बजट पारित

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद गदरपुर कार्यालय में पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 25,86,22,800 रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह नगर पालिका के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जिसका सभी सभासदों ने स्वागत किया। बैठक के दौरान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष सहयोग से गदरपुर में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है।बैठक में 15वें वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान के अंतर्गत सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, जल संचय एवं अन्य विकास कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। साथ ही नगर में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए शीघ्र टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया। नगर के सौंदर्यीकरण हेतु मुख्य मार्गों पर हाईमास्ट एवं सजावटी



लाइटें लगाने, पार्कों के विकास, तिरंगा ध्वज स्थापना तथा सुलभ शौचालय निर्माण के प्रस्ताव भी रखे गए। इसके अतिरिक्त सकैनिया रोड, गुलरभोज रोड, करतारपुर रोड, सिनेमा रोड और आवास विकास क्षेत्र में फुटपाथ निर्माण एवं जलभराव की समस्या के समाधान हेतु आरसीसी नालों के निर्माण का कार्य प्रस्तावित किया गया है।इस अवसर पर सभासद श्रीमती नर्गिस, सचिन गुप्ता, रजत कुमार अश्वनी, परमजीत सिंह पम्मा, रमन छाबड़ा, मुकेश चावला, श्रीमती तबस्सुम, फर्दीन बाबा, श्रीमती विनिता, अधिशासी अधिकारी कैलाश सिंह पटवाल, सोहन लाल, विजेन्द्र कुमार,सुश्री प्रभा, मुकेश कुमार, जयपाल शर्मा, रोहन कुमार गुप्ता, अरुण कुमार, प्रिंस, अमित, अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर उठाई आवाज

रुद्रपुर। क्षेत्र की जनसमस्याओं एवं विशेष रूप से किसानों की समस्याओं को लेकर आज एक प्रतिनिधिमंडल ने रुद्रपुर स्थित विकास भवन में अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट कृषि मंत्री गणेश जोशी एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से भी वार्ता कर समस्याओं से अवगत कराया। विकास भवन में कृषि जिला अधिकारी विकेश कुमार यादव, प्रादेशिक विकास सेवा के अधिकारी सुशील मोहन डोभाल एवं अधिकारी मथुरा प्रसाद से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा। इसमें किसानों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की गई। अधिकारियों ने समस्याओं



को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसानों एवं आमजन से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष कविंद्र सैनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य विक्रमजीत सिंह, भाजपा कार्यकर्ता नवाब अल्वी, संदीप कंबोज एवं राजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रिदान अली ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ किया टॉप

रुद्रपुर। जी डी गोयनका स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। इस वर्ष विद्यालय के 12 मेधावी छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र रिदान अली ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। रिदान ने अंग्रेजी, हिंदी और आईटी में पूरे 100 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं जगबीर सिंह ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जगबीर ने अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान और आईटी चारों विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर एक मिसाल कायम



की है।विद्यालय के अन्य छात्रों में कृष्णा ने 97.4 प्रतिशत अंक पाकर अंग्रेजी, हिंदी और आईटी में 100 अंक प्राप्त किए। आरना शोरी ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ आईटी में 100 अंक हासिल किए। आदिदेव सक्सेना ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हिंदी और आईटी में 100 अंक पाए। अभिनव चौधरी ने 94.6 प्रतिशत अंक पाकर अंग्रेजी और आईटी में 100 अंक हासिल किए। विनायक मिश्रा ने 94.4 प्रतिशत अंक पाकर आईटी में 100 अंक प्राप्त किए। मन्नन सक्सेना ने 94.2 प्रतिशत, दिविजा ने 94 प्रतिशत अंक पाकर अंग्रेजी में 100 अंक हासिल किए। इसके अलावा हरगुन कौर ने 92.2 प्रतिशत, यशवर्धन सिंह ने 92.2 प्रतिशत और अरुल अग्रवाल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।इस वर्ष अंग्रेजी और आईटी विषयों में छात्रों का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। 5 छात्रों ने अंग्रेजी, 7 छात्रों ने आईटी और 6 छात्रों ने हिंदी में पूरे अंक हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी मेधावी छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को इस शानदार सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी टॉपर्स को सम्मानित करने के लिए जल्द ही समारोह आयोजित करने की घोषणा की है।



# चार वार्डों में ताबड़तोड़ शिलान्यास कर महापौर ने दी सौगात

## चार वार्डों में किया सड़कों और नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास, महापौर का हुआ जोरदार अभिनंदन






रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनता से किए गए वायदों को पूरा करने की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए महापौर विकास शर्मा ने गुरुवार शाम शहर के तीन वार्डों में लाखों रुपये की लागत से विकास कार्यों का ताबड़तोड़ शिलान्यास किया। वार्ड नंबर सात आजाद नगर, वार्ड नं. 37 रविन्द्र नगर, वार्ड नंबर 3 और वार्ड नंबर 4 ट्रांजिट कैंप में सड़कों और नाली निर्माण कार्यों की शुरुआत कर महापौर ने क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात दी। तीनों स्थानों पर स्थानीय लोगों ने महापौर का जोरदार स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया और सम्मानित किया। शिलान्यास कार्यक्रमों के क्रम में महापौर ने वार्ड सात आजाद नगर में 17.50 लाख की सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य का पार्षद कैलाश राठौर सहित अन्य लोगों के साथ शिलान्यास किया। जबकि वार्ड नंबर 37 रविन्द्र नगर में पार्षद विष्णु सिंह के साथ क्षितिज राय के घर से शंकर गोलदार के घर तक 3.54 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क और नाली निर्माण का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इसके बाद वार्ड नंबर 3 ट्रांजिट कैंप में 9.60 लाख और 7.62 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास पार्षद शुभम दास, बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी तथा भारी जनसमुदाय की उपस्थिति में किया गया। वहीं वार्ड नंबर 4 ट्रांजिट कैंप में 7.99 लाख रुपये की लागत से सुकुमार के घर से श्रीकांत के घर तक सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास पार्षद सुशील मण्डल, पार्षद शुभम दास और अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इन कार्यक्रमों के दौरान वार्ड वासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर की और महापौर विकास शर्मा तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समर्थन में नारे लगाए। शिलान्यास के पश्चात आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने रुद्रपुर के समग्र विकास को लेकर अपना विस्तृत दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शहर को आधुनिक, व्यवस्थित और आदर्श नगर बनाने के लिए नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़कों, नालियों, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी दिशा में कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। महापौर ने कहा कि ट्रिपल इजंन की सरकार शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर कर रही है। पिछले एक साल में इसी वार्ड में 35 लाख से अधिक के विकास कार्य कराये गये हैं। आज जिस सड़क का निर्माण शुरू हुआ है वह बीस साल से उपेक्षित थी। सड़क का निर्माण होने से यहां आवागमन सुगम होगा और हजारों लोग इससे लाभान्वित होंगे। महापौर ने कहा कि नगर निगम प्रशासन ने बेहद अल्प समय में शहर में 102 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त की है। प्रथम चरण में जहां 56 महत्वपूर्ण कार्यों की नींव रखी गई थी, वहीं अब दूसरे चरण के तहत 75 नई परियोजनाओं की श्रृंखला शुरू कर दी गई है। महापौर ने जनता को आश्वस्त किया कि अब शहर का कोई भी कोना उपेक्षित नहीं रहेगा और आने वाले समय में रुद्रपुर की कोई भी गली कच्ची नहीं दिखेगी। महापौर ने कहा कि क्षेत्रवासियों ने उन्हें जो अपार स्नेह और विश्वास वोट के रूप में दिया है, वे विकास कार्यों के जरिए उस एक-एक वोट का कर्ज चुकाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने संकल्प दोहराया कि चुनाव के समय जनता से किया गया हर वादा शत-प्रतिशत धरातल पर उतारा जाएगा और खस्ताहाल सड़कों का कायाकल्प कर उन्हें चमकाया जाएगा। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कई बड़ी योजनाएं धरातल पर उतरने जा रही हैं। साढ़े पांच करोड़ की लागत से गांधी पार्क का सौंदर्यीकरण, जल्द होने जा रहा है। ट्रांजिट कैम्प भी रजत जयंती पार्क की सवीकृति मिल चुकी है। उत्तरायणी पार्क का भी कायाकल्प होना है। गौशाला का निर्माण पूरा हो चुका है। कल्याणी नदी की बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए भी प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है, जिससे हजारों लोगों को बरसात के दिनों में जलभराव से निजात मिलेगी। नगर निगम द्वारा बनाया गया त्रिशूल चौक आज शहर की शोभा बढ़ा रहा है जल्द ही डमरू चौक भी इसी तरह रूद्रपुर शहर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगा। नगर निगम महिला सशक्तिकरण के लिए भी प्राथमिकता से काम कर रहा है। जल्द ही महिलाओं के लिए वृहद स्तर पर ट्रेनिंग सेंटर खुलने जा रहा है। हम लगातार शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने का काम कर रहे हैं। जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर सभी काम किये जा रहे हैं। नगर निगम को भ्रष्टाचार मुक्त बहुआयामी संस्था के रूप में विकसित किया जा रहा है। आज निगम केवल सड़कें और नाली बनाने तक सीमित नहीं हैं। निगम की ओर से आठ नि:'शुल्क स्वास्थ्य केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं जिनमें नागरिकों को नि:शुलक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। निगम में पेंशन बनाने से लेकर राशन कार्ड आधार कार्ड लेबर कार्ड और समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के कार्य भी स ंचालित हो रहे हैं। महापौर ने कहा कि जहां भी शहर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है वहां सभी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता से पहुंचाई जायेगी। कोई भी कोना विकास से अछूता नहीं रहेगा। प्रदेश की प्रगति का जिक्र करते हुए महापौर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं और आम जनमानस का आह्वान किया कि यदि हम विकास की इस तीव्र गति को निरंतर बनाए रखना चाहते हैं, तो हमें अभी से एकजुट होना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में पुन: भाजपा की सरकार बनाने के लिए अभी से समर्पण भाव के साथ सक्रिय होने का आहवान भी किया। कार्यक्रमों में पार्षद संघ के अध्यक्ष राजेश जग्गा, पार्षद कैलाश राठौर ,पार्षद राजेन्द्र राठौर, अमरनाथ सेवा मण्डल अध्यक्ष अजय चड्डा, पारस चुघ, राजन राठौर, दीपक राठौर, संदीप, आशीष यादव, रजत बिष्ट, राजेश राठौर, विरेन्द्र तिवारी, संजय हाल्दार, विपुल राय, विश्वजीत बाला, संजीत, फणेन्द्र नाथ, निखिल राजू मजूमदार, शिवपद सरकार, तपन, केके त्रिपाठी, हरीश पाण्डेय, आनंद तिवारी, सोनू राय, रोहित मलिक, बंटी, करण सिंह, कमल मौर्य, सुमित राय, सूरज रामधारी, गंगवार, गणपत सैनी, चोखे लाल, डा मेहस, पिंटू राय, शुभम मण्डल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।







# अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित होगा पंतनगर हवाई अड्डा

## मुख्य सचिव ने एयरपोर्ट विस्तारीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

पंतनगर। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को जनपद भ्रमण के दौरान पंतनगर एयरपोर्ट का निरीक्षण कर विस्तारीकरण से जुड़े प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को सभी कार्य आपसी समन्वय से समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।समीक्षा के दौरान डीजीएम सिविल अनूप गुप्ता ने बताया कि पंतनगर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, जिसके लिए लगभग 380 करोड़ की लागत से विस्तारीकरण कार्य चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए 524.70 एकड़ भूमि एयरपोर्ट प्राधिकरण के नाम आवंटित की जा चुकी है। साथ ही टीडीसी, पंतनगर विश्वविद्यालय और सैनिक फार्म सहित अन्य भूमि पर स्थित भवनों का ध्वस्तीकरण और पेड़ों का कटान कार्य भी पूरा कर लिया गया है।उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कार्यों में चारदीवारी निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे आगामी जून माह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 3000 मीटर लंबा रनवे बनाया जाएगा। इसके साथ ही नया टर्मिनल, हैंगर, आईएलएस सुविधा, कार्गो सुविधा और नाइट लैंडिंग की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी। वर्तमान एयरपोर्ट पर भी यात्रियों की सुविधा के लिए एटीएम, कार पार्किंग, टैक्सी काउंटर, वाईफाई, हेल्पडेस्क, प्राथमिक चिकित्सा और एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। एयरपोर्ट विस्तारीकरण कार्यों के लिए पर्यावरण स्वीकृति हेतु आवेदन भी किया गया है।पीडी एनएचएआई ने जानकारी दी कि विस्तारीकरण की जद में आ रहे राष्ट्रीय राजमार्ग को शिफ्ट करने के लिए सर्वे कर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि एयरपोर्ट से सटी भूमि पर गेस्ट हाउस निर्माण का भी प्रस्ताव है तथा कुछ भूमि सेना को भी आवंटित की गई है।मुख्य सचिव ने पंतनगर एयरपोर्ट से संचालित हवाई सेवाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जनपद में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनमन योजना में जनपद को द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया है। इसके अलावा 372 ग्राम पंचायतों में से 229 ग्राम पंचायतों के टीबी मुक्त होने पर जनपद को इस अभियान में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जिस पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने बीस सूत्रीय कार्यक्रम, संपूर्णता अभियान, रुद्रपुर बाईपास, अमृत योजना, गौशाला निर्माण, मेडिकल कॉलेज, सर्किट हाउस, ट्रांजिट कैंप और सिडकुल में वर्किंग वूमेन हॉस्टल निर्माण सहित सितारगंज में पार्किंग और पार्क निर्माण की प्रगति की जानकारी दी।इसके उपरांत मुख्य सचिव ने वर्ल्ड ऑन व्हील्स डिजिटल लर्निंग लैब एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत तीन माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों से संवाद कर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए।इस दौरान मंडलायुक्त दीपक रावत, कुलपति जीबी पंतनगर विश्वविद्यालय डॉ मनमोहन सिंह चौहान, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, डीएफओ यूसी तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ,अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय,कौस्तुभ मिश्रा, निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट पवन कुमार, डीजीएम पूरन सिंह, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम नरेन्द्र नवानी, पीडी एनएचएआई अंचल जिंदल सहित अन्य अधिकारी रहे।





# छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नारी शक्ति को दिया समर्थन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नारी शक्ति वंदन अभियान के निमित्त डिग्री कॉलेज रुद्रपुर में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गहलौत के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा मानव श्रृंखला बनाकर महिला सशक्तिकरण के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों तथा उनकी सक्रिय भागीदारी को और अधिक सुदृढ़ करना है।विधायक शिव अरोरा ने अपने संबोधन में कहा कि देश और प्रदेश की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अभियान महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक



करने और उन्हें समाज में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें सभी को मिलकर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गहलौत ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने का एक मजबूत संकल्प है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर महिला को समान अवसर और सम्मान मिले तभी सशक्त समाज का निर्माण संभव है।युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को इस अभियान के महत्व के बारे में जागरूक किया तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेन्द्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नवजोत सिंह सहित रचित सिंह, रोहित भट्ट, आदेश भारद्वाज, मनीष गोस्वामी, अशोक नेगी, मयंक माटा, संजय कुमार एवं सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने मिलकर नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के इस संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महिला-शक्ति का समय

यह देश की संसदीय प्रणाली में 'महापरिवर्तन' का दौर है। संसद का विशेष सत्र 16, 17, 18 अप्रैल को महिला आरक्षण कानून को लागू करने और नए परिसीमन कानून को पारित करने पर विमर्श करेगा। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हों, इस प्रावधान का बिल और कानून बीते 30 सालों से लटका पड़ा है। 1996 में देवगौड़ा सरकार के दौरान सबसे पहले महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, तो संसद अगड़ी-पिछड़ी, फैशनेबल, दलित महिलाओं के खांचों में बंट गई थी। बिल को फाड़ दिया गया था। ऐसे भय और ऐसी आशंकाएं मुलायम सिंह यादव, शरद यादव, उमा भारती, लालू यादव सरीखे संसदीय नेताओं ने व्यक्त कीं कि बालकटी, फैशनपरस्त और ऊंचे घरानों की ही महिलाएं, आरक्षण के जरिए, संसद तक पहुंचेंगी। नतीजतन बिल को लटकाया और भटकाया जाता रहा। सितंबर, 2023 में यह बिल मोदी सरकार ने 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' के तौर पर पारित कराया। नवंबर, 2023 में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन गया, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी इसे लागू कर सकती थी, क्योंकि 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाना था। लोकसभा की मौजूदा सीटों की संख्या 1971 की जनगणना पर आधारित थी। लंबे 55 साल के बाद परिवर्तन अनिवार्य है, क्योंकि जनसंख्या के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था भी बदल चुकी है। चूंकि यह मामला 2026 तक 'फ्रीज' रखा गया था, लिहाजा अब सरकार नया परिसीमन आयोग बना रही है और संसद से कानून पारित कराएगी। महिला आरक्षण कानून 2029 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों पर लागू किया जा सके, लिहाजा संसद में 131वां संविधान संशोधन लाया जाएगा। संविधान संशोधन बिल पारित कराने के लिए सरकार को 362 सांसदों का समर्थन चाहिए अथवा सदन में उपस्थित सांसदों का दो-तिहाई बहुमत होना चाहिए। विपक्ष के पाले में 233 सांसद हैं, लिहाजा सरकार के लिए चुनौती है। विपक्ष इसे भी मुद्दा बना रहा है और परिसीमन कानून पर बिल के विरोध में मत-विभाजन मांग सकता है। परिसीमन कानून तो साधारण बहुमत से पारित किया जा सकता है, लेकिन महिला आरक्षण संविधान संशोधन का विषय है, लिहाजा दो-तिहाई बहुमत की दरकार है। बुधवार को विपक्ष की बैठक प्रस्तावित थी। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में मतदान से सिर्फ एक सप्ताह पहले ही संसद का विशेष सत्र क्यों बुलाया गया और महिला आरक्षण तथा परिसीमन कानूनों पर संविधान संशोधन पारित कराने की योजना सरकार ने क्यों बनाई, विपक्ष इसी सवाल से चिपका है। कुछ विशेषज्ञ ऐसी व्याख्याएं भी कर रहे हैं कि महिला आरक्षण कानून 2039 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू नहीं हो सकता, क्योंकि 2027 की जनगणना के बाद एक और परिसीमन की आवश्यकता हो सकती है या 2029 तक परिसीमन का काम सम्पन्न नहीं हो सकता। बहरहाल राजनीति तो इस देश की हरेक धडकन में है, लेकिन यह देश के सामाजिक, राजनीतिक, लैंगिक और संसदीय परिदृश्य बदलने का समय है। जो प्रस्ताव संसद के विचाराधीन है, उसके मुताबिक, राज्यों से 815 सांसद चुन कर लोकसभा में आएंगे, जबकि संघशासित क्षेत्रों से 35 सांसद चुने जाएंगे, लिहाजा 2029 में लोकसभा में 850 सांसद दीख सकते हैं। अभी यह संख्या 543 है। आरक्षण 15 साल के लिए होगा।

# अल्मोड़ा में पेट्रोल-डीजल के लिए हाहाकार, भटके लोग

**वाहनों का दबाव अधिक होने से चार पंपों में खत्म हुआ पेट्रोल,प्रशासन ने कहा पेट्रोल की कोई कमी नहीं**

अल्मोड़ा। सांस्कृतिक नगरी में ईंधन की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। गुरुवार को मुख्यालय के पांच पंपों से चार पेट्रोल पंप शोपीस बने रहे। इन पंपों में पेट्रोल नहीं मिला। हालांकि पांडेखोला स्थित एक मात्र पंप में पेट्रोल-डीजल मिलने से लोगों ने थोड़ा राहत ली, लेकिन वहां भी ईंधन भरवाने के लिए उमड़ी भीड़ के कारण लक्ष्मेश्वर से लेकर विकास भवन तक लंबा जाम लग गया। नगर में डीजल और पेट्रोल के पांच पंप संचालित होते हैं। इनमें से माल रोड के शिखर तिराहे और पांडेखोला के एक पंप में सुधारीकरण का कार्य चल रहा है। ईंधन का पूरा भार जिला अस्पताल, धारानौला और पांडेखोला के दूसरे पंप पर आ गया है। ऊपर से इन दिनों अल्मोड़ा में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इससे ईंधन की डिमांड और अधिक बढ़ गई है। गुरुवार को जिला अस्पताल, धारानौला और शिखर तिराहे के पास पंपों में पेट्रोल नहीं मिला। लोग पेट्रोल मिलने की उम्मीद में एक से दूसरे पंप की ओर भागते रहे, हालांकि पांडेखोला स्थित दूसरे पंप में



पेट्रोल के लिए लोगों की सुबह से लंबी कतार देखी गई। जिसके चलते सड़क पर कई बार जाम की स्थिति बनी रही। इधर, प्रशासन ने स्थिति को अस्थायी बताते हुए कहा है कि जल्द ही ईंधन आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से ईंधन की जमाखोरी न करें और संयम बनाए रखें, ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। ईंधन संकट का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर देखने को मिल रहा है। कई स्कूल बसों में पेट्रोल-डीजल न मिलने के कारण उनके संचालन पर संकट खड़ा हो गया है। यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो बस सेवाएं बंद होने की आशंका है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। अभिभावकों में भी इसको लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से जिले में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित चल रही है। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म हो चुका है, जिसके चलते पूरे शहर का दबाव एक ही पंप पर आ गया है। इसी कारण भारी संख्या में वाहन एकत्र हो गए और जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिला पूर्ति अधिकारी करुणा पंत ने बताया कि जनपद में पेट्रोल की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि दो पेट्रोल पंपों पर मेंटेनेंस कार्य के चलते अस्थायी रूप से पेट्रोल की आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिसे आज शाम या अधिकतम कल सुबह तक पूर्ण रूप से सुचारू कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी पेट्रोल पंपों पर पूर्व की भांति नियमित रूप से पेट्रोल उपलब्ध रहेगा, किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। प्रशासन द्वारा आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से पेट्रोल का भंडारण न करें और केवल आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल भरवाएं,ताकि किसी प्रकार की अफवाह या पैनिक की स्थिति उत्पन्न न हो।

# भाजपाईयों ने फूंका कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला

**बंगाली समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोपों पर भड़के भाजपा कार्यकर्ता**

दिनेशपुर । कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर बंगाली समाज के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में नगर पंचायत बोर्ड के सदस्यों तथा दर्जनों व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी से बंगाली समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की



टिप्पणियां समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य करती हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि कांग्रेस को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए तो भाजपा व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी। इस मौके पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि काबल सिंह, वार्ड तीन के सभासद नारायण मंडल, वार्ड पांच के सभासद प्रतिनिधि सौरभ मंडल, वार्ड छह के सभासद प्रतिनिधि प्रीतम गाईन सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके साथ ही व्यापारी वर्ग से भोला शर्मा, दीपक मक्कड़, सोनू गोयल समेत अन्य लोगों ने भी विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और अपनी नाराजगी दर्ज कराई।

# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल का दसवीं का परीक्षा फल रहा शत प्रतिशत

**सिद्धांत शर्मा ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्राप्त किया प्रथम स्थान**

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक शानदार मिसाल कायम की है जिसने 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 2025 2026 में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। छात्रों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी लगन और स्कूल के शिक्षकों तथा अभिभावकों द्वारा दिए गए निरंतर मार्गदर्शन को दर्शाता है। सफलता पाने वालों में सबसे आगे रहते हुए सिद्धांत शर्मा ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जिससे संस्थान को अपार गौरव प्राप्त हुआ। उनके ठीक बाद आदित्य गुप्ता रहे जिन्होंने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया



और सनी सिंह 93.5 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।कई अन्य छात्रों ने भी असाधारण प्रदर्शन किया है। इनमें श्रेया गोंड 91 प्रतिशत, अक्षिता चंद्रा 90.8 प्रतिशत, नजराना 90 प्रतिशत, आयुष 89.6 प्रतिशत, हर्षिता चंद्रा 89.2 प्रतिशत, शालिनी 88.4 प्रतिशत, तनु 87.8 प्रतिशत, तृषा 87.4 प्रतिशत, प्रिंस 87.2 प्रतिशत, मोसिन 86.8 प्रतिशत, आयुषी भट्ट 86.4 प्रतिशत, रीना 86.2 प्रतिशत और अनमोल 85.6 प्रतिशत अंक पाकर शामिल रहे। इस वर्ष के परिणामों की एक विशेष बात सिद्धांत शर्मा की असाधारण उपलब्धि है जिन्होंने विज्ञान और हिंदी दोनों विषयों में 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त किए हैं। उनका यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी शैक्षणिक श्रेष्ठता और बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करता है।इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर प्रधानाचार्य महेश चंद्रा ने सभी शिक्षकों और शिक्षाविदों को उनकी अथक मेहनत और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने छात्रों की ईमानदारी की भी सराहना की और कहा कि उनकी यह सफलता निरंतर प्रयासों और पक्के इरादों का ही परिणाम है। उन्होंने पूरे विद्यालय परिवार को एक मजबूत टीम के रूप में मिलकर काम करने के लिए बधाई दी।

# फार्मर डिजिटल आईडी तैयार करा ले किसान:धीरेन्द्र मिश्रा

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि सभी किसान अपनी फार्मर डिजिटल आई डी ( फार्मर रजिस्ट्री) तत्काल तैयार



करा लीजिए। राज्य सरकार एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओ (उर्वरक सहित) का लाभ फार्मर डिजिटल आई डी ( फार्मर रजिस्ट्री) के आधार पर ही मिलेगा।इसलिए तत्काल अपनी आई डी तैयार करा लीजिए। उन्होंने कहा कि फार्मर डिजिटल आई डी ( फार्मर रजिस्ट्री) के लिए कृषि विभाग/उधान विभाग/गन्ना विभाग/मत्स्य विभाग/डेयरी विकास विभाग/ग्राम्य विकास विभाग/पंचायत राज विभाग के कर्मचारीगण 30 अप्रेल तक आपके गॉव/आपकी पंचायत में कैम्प करेंगे। किसान फार्मर डिजिटल आई डी ( फार्मर रजिस्ट्री) जन सेवा केंद्र (सी एच सी ) के माध्यम से भी करा सकते हैं। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसानों के उत्थान का प्रयास करती है और किसानों के हित में अनेक लाभकारी योजनाएं चला रखी हैं जिसका देश के सभी किसानों को लाभ मिल रहा है।

# मुस्लिम महिलाओं के अलग आरक्षण की मांग का विरोध

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। संसद और विधानसभाओं में मुस्लिम महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की समाजवादी पार्टी की मांग का उत्तर प्रदेश उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ ने कड़ा विरोध किया है। लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कहा कि यह मांग पूरी तरह से देशविरोधी है। उन्होंने इसे देश को एक बार फिर से विभाजित करने और मुस्लिम राष्ट्र बनाने की तरफ बढ़ता कदम बताया। छाबड़ा ने कहा कि देश के लोगों को अब इस पार्टी को वोट देते समय गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा ताकि देश को बांटने की साजिश नाकाम हो। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के लालच में ऐसे बयान देकर समाजवादी पार्टी देश को कमजोर कर रही है।इस मांग का जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने भी पुरजोर विरोध किया है। जिला बार अध्यक्ष संजीव फौगाट ने कहा कि अखिलेश यादव को अपना बयान वापस लेकर देश से माफी मांगनी चाहिए। एडवोकेट होमी कुरैशी ने धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग का विरोध करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज समाजवादी पार्टी के झांसे में नहीं आएगा और देश को मजबूत करने वाली ताकतों के साथ खड़ा रहेगा। बार के पूर्व उपाध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्रा ने कहा कि धर्म के नाम पर आरक्षण पूरी तरह खारिज होने योग्य है। लोकतंत्र सेनानी कस्तूरी लाल तागरा ने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता धर्म के नाम पर बांटने वालों को आगामी चुनावों में सबक सिखाए। उन्होंने कहा कि देश में अब राष्ट्रवाद के अलावा अन्य किसी वाद के लिए जगह नहीं है।बैठक में बार काउंसिल उत्तराखंड के नवनिर्वाचित सदस्य दिवाकर पांडे ने भी अखिलेश यादव की मांग को गैर जरूरी बताते हुए इसे देश के लिए अत्यंत खतरनाक बताया। इस अवसर पर अधिवक्ता कमल चिलाना, सुरभि आहूजा, बॉबी सागर, सोमिल घीक, गौरव मिड्डा, एडवोकेट पलक गगनेजा, समाजसेवी नरेंद्र नरूला, मेडिकल एसोसिएशन के विकास गगनेजा, मुकेश उपाध्याय, डेरी एसोसिएशन के राजीव गगनेजा, नरेंद्र अरोड़ा,प्रमोद मित्तल, अभिनव छाबड़ा, पवन अग्रवाल, राकेश मिगलानी, सुभाष खंडेलवाल, इंद्रजीतसिंह डंग, दिनेश खंडेलवाल, विशाल खेड़ा, भोला छाबड़ा, महेंद्र सचदेवा, भारतभूषण चुघ, वीरेंद्र सुखीजा तथा वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल घई समेत तमाम लोगों ने विचार व्यक्त कर समाजवादी पार्टी के बयान को अत्यंत घातक बताया।

# गोदियाल के बयान पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामन

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के कथित बयान को लेकर बंगाली समाज पर कटाक्ष का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में कांग्रेस और भाजपा के नेता आमने-सामने आ गए हैं। गुरुवार सुबह पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे ने मीडिया से बातचीत में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि गोदियाल के बयान से बंगाली समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और कांग्रेस को इस पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हिमांशु सरकार, अनादी रंजन मंडल समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।वहीं, दोपहर बाद कांग्रेस ने भी इस पर जवाबी हमला किया। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता



हालदार के कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन और ममता हालदार ने भाजपा के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि गणेश गोदियाल के नाम से सोशल मीडिया पर चल रही आईडी फर्जी है और उसी के माध्यम से भ्रामक व आपत्तिजनक टिप्पणियां फैलाई जा रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी बंगाली समाज का हमेशा सम्मान करती आई है और भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए इस मुद्दे को तूल दे रही है। प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, किशोर हालदार और नारायण हालदार भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से मामले की गहन जांच कर फर्जी आईडी संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# राज्यपाल ने की चारधाम यात्रा तैयारियों की समीक्षा

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को लोक भवन में उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा 2026 की तैयारियों के संबंध में बैठक ली, जिसमें शासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक उत्तरदायित्व है, जिसे पूर्ण समर्पण और संवेदनशीलता के साथ संपादित किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि इस दौरान दी गई जिम्मेदारी को केवल प्रात: 9 से 5 बजे तक की ड्यूटी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे पूर्ण निष्ठा, संवेदनशीलता एवं समर्पण के साथ संपादित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत, सेवा एवं आतिथ्य इस भाव से की जानी चाहिए कि वे यहां से सुखद एवं अविस्मरणीय अनुभव लेकर लौटें। राज्यपाल ने साइबर अपराधों, विशेष रूप से फर्जी हेलीकॉप्टर बुकिंग, ओवर रेटिंग और होटल बुकिंग धोखाधड़ी आदि के मामलों पर ऐसे लोगों पर निगरानी एवं उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाओं की कीमतों में अनुचित वृद्धि करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक एवं नकारात्मक सूचनाओं पर नियंत्रण हेतु



प्रभावी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यात्रा प्रबंधन में नए उपायों को अपनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि चारधाम यात्रा से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का अवसर मिलता है, जिससे स्वयं सहायता समूह, होमस्टे संचालक एवं स्थानीय उद्यमी लाभान्वित होते हैं, जिसका विशेष ध्यान रखा जाय। राज्यपाल ने कहा कि यात्रा को सहज, सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी संभावित आकस्मिक परिस्थितियों के लिए पूर्व तैयारी और वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा कि 'गोल्डन ऑवर' के भीतर त्वरित उपचार और रेस्क्यू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं निगरानी पर जोर देते हुए उन्होंने हृदय संबंधी समस्याओं के प्रति सतर्क रहने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि जिला प्रशासन इस पूरी व्यवस्था की धुरी है और जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि पूर्व सैनिक, रेड क्रॉस, एनसीसी और एनएसएस जैसे संगठनों की सक्रिय भागीदारी के प्रयास किए जाए। इस बैठक में प्रमुख सचिव श्री एल. फैनई, सचिव श्री शैलेश बगोली, श्री रविनाथ रामन, श्री पंकज पाण्डेय, डॉ. बी वी आर सी पुरुषोत्तम, श्री रणवीर सिंह चौहान, श्री विनोद कुमार सुमन, श्री धीराज गर्ब्याल, विधि परामर्शी राज्यपाल श्री कौशल किशोर शुक्ल, कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, अपर सचिव श्री आशीष चौहान, रोहित मीणा, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप सहित चारधाम यात्रा से जुड़े विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैम्पस स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार ,शुभम जोशी रहे टॉपर

पन्तनगर। 16 अप्रैल 2026। कैम्पस स्कूल, पन्तनगर के कक्षा 10 (सत्र 2025-26) का परीक्षाफल अत्यंत उत्कृष्ट रहा। कुल 87 विद्यार्थियों में से 30 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। परीक्षा में मास्टर शुभम जोशी ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी, विज्ञान एवं आईटी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। इसके अतिरिक्त उत्कर्ष सती, गौरव सिंह नेगी एवं समन्यु सिंह ने भी आईटी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के संरक्षक एवं कुलपति, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय, पन्तनगर, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके



अभिभावकों, प्रबन्ध समिति के सदस्यों एवं विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं को बधाई दी। विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष डा. राजेश कुमार, प्रबन्धक डा. प्रणीता सिंह, उप-प्रबन्धक श्री रवीन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्री त्रिलोकी शंकर मिश्रा, प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका भट्ट सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में शुभम जोशी (97.80 प्रतिशत), सान्वी श्रीवास्तव (96.40 प्रतिशत), उत्कर्ष सती (96.40 प्रतिशत), चेतन देओलाल (96.20 प्रतिशत), शिवांश सिंह पवार (96.00 प्रतिशत), गौरव सिंह नेगी (96.00 प्रतिशत), सेजल पाठक (95.80 प्रतिशत), समन्यु सिंह (95.40 प्रतिशत), अनन्त मिश्रा (95.00 प्रतिशत), पारिधि (95.00 प्रतिशत), यशवर्धन सिंह (94.60 प्रतिशत), देवेशी (94.00 प्रतिशत), जीशान हुसैन (93.60 प्रतिशत), कार्तिकेय सिंह (93.60 प्रतिशत), आराध्या सिंह (93.20 प्रतिशत), भविष्य पाठक (93.20 प्रतिशत), मोहम्मद सलीम हुसैन (93.00 प्रतिशत), गर्विता मिश्रा (92.60 प्रतिशत), अंश मौर्य (92.20 प्रतिशत), दिव्यांश (92.20 प्रतिशत), श्रेय पाल मौर्य (92.20 प्रतिशत), अथर्वा राजवार (91.80 प्रतिशत), लोचन सिंह रावत (91.20 प्रतिशत), सृष्टि सिंह (91.00 प्रतिशत), अनुकल्प पंत (90.40 प्रतिशत), रोहन सिनवर (90.40 प्रतिशत), अनीश सिंह (90.40 प्रतिशत), सक्षम राजदान (90.40 प्रतिशत), विशेष सिंह (90.20 प्रतिशत) एवं जान्हवी सक्सेना (90.00 प्रतिशत) शामिल हैं।

## बाहरी राज्यों से मदरसों में लाए जा रहे बच्चों की होगी सघन जांच

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड शासन के संज्ञान में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो आया है जिसमें यह संकेत मिलता है कि बाहरी राज्यों के बच्चों को राज्य के मदरसों में लाया जा रहा है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शासन ने आवश्यक जांच के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा, पारदर्शिता एवं नियमों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उत्तराखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते द्वारा देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर एवं नैनीताल के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने जनपदों में व्यापक वेरिफिकेशन ड्राइव संचालित कर वास्तविक स्थिति से शासन को अवगत कराएं। शासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के आगमन के स्रोत, उनके अभिभावकों की सहमति तथा उन्हें लाने वाले व्यक्तियों के संबंध में गहन जांच की जाएगी। इस उद्देश्य से प्रदेश के सभी मदरसों में सघन निरीक्षण एवं सत्यापन अभियान चलाया जाएगा तथा विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। प्रदेश में वर्तमान में 452 पंजीकृत मदरसे संचालित हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्ष 2025 में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम लागू किया गया है। इस अधिनियम के तहत 1 जुलाई 2026 से प्रदेश में मदरसा बोर्ड का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। इसके उपरांत राज्य के सभी मदरसों को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त करनी होगी तथा नई व्यवस्था के अंतर्गत उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से मान्यता लेना अनिवार्य होगा।

## ओम गेस्ट हाउस का ठुकराल ने किया शुभारम्भ

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। शहर की आदर्श कॉलोनी में नवनिर्मित ओम गेस्ट हाउस का मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने रिबन काटकर प्रतिष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने गेस्ट हाउस की सुविधाओं का अवलोकन किया और प्रतिष्ठान स्वामी को नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं। ठुकराल ने कहा कि रुद्रपुर शहर का तेजी



से विस्तार हो रहा है और यहां आने वाले यात्रियों व आगंतुकों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाओं की निरंतर आवश्यकता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं द्वारा स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाना सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ओम गेस्ट हाउस अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और आतिथ्य सत्कार के माध्यम से बहुत जल्द ग्राहकों के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा। उद्घाटन अवसर पर सुनील मेहरा, विक्की चौहान, अजय सैनी, मोहित मदान, शशि, संजीव, ललित बिष्ट सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और व्यवसायी उपस्थित रहे।

## जनपद में 7 और 14 मई को आयोजित होगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान

रुद्रपुर । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के के अग्रवाल ने बताया कि जनपद में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आगामी 7 मई को मुख्य दिवस और 14 मई को श्मॉप-अपश दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत जनपद ऊधम सिंह नगर के समस्त सरकारी, गैर-सरकारी ,प्राइवेट विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मदरसों, डिग्री कॉलेजों, पॉलिटेक्निक संस्थानों और अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों में 1 से 19 वर्ष तक की आयु के बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल की गोली नि:शुल्क खिलाई जाएगी। सीएमओ डा. अग्रवाल ने बताया कि इस बार जनपद ऊधम सिंह नगर में कुल 6,03960 बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।जो बच्चे 7 मई को दवा खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 14 मई को श्मॉप-अपश राउंड के दौरान दवा दी जाएगी। उन्होंने बताया 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली (पीसकर) और 2 से 3 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली (पीसकर) एवं 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरी गोली चबाकर खानी होगी। पेट में कीड़े (कृमि संक्रमण) होने से कोबच्चों में खून की कमी (एनीमिया), कुपोषण और थकान जैसी समस्याएं हो जाती हैं, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एल्बेंडाजोल की यह गोली बच्चों को इन समस्याओं से बचाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। स्वास्थ्य विभाग ने समस्त अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। यह सुनिश्चित करें कि उनका बच्चा खाली पेट दवा न खाए। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य है।

## राहगीर से सोने का ओम व मोबाईल झपटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूवार की देर सायं ट्रांजिट कैम्प के मछली मार्केट क्षेत्र में तीन अज्ञात उचक्कों ने राह गुजरते एक व्यक्ति को रोककर उसके गले में पहना सोने का ओम व हाथ में पकड़ा मोबाईल झपट लिया और भागने लगे। जिस पर उस व्यक्ति ने पीछाकर एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूल रूप से पीलीभीत निवासी अजयपाल हाल निवासी कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प ने बताया कि वह देर सायं मछली बाजार से घर की ओर जा रहा था। मार्ग में तीन युवक उसके पास आये जिनमें एक ने उसके गले में पहना सोने का ओम झपट लिया। दूसरा बोला अपनी आईडी दिखाओ। अजय ने कहा जब उसने अपना मोबाईल हाथ में पकड़ा तो उसने उससे मोबाईल छीन लिया और बाद में तीनों वहां से भागने लगे। जिस पर उसने शोर मचाते हुए उनका पीछा किया और गोल मढ़ैया के पास एक युवक को पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि उसके दोनों साथी भाग गये। पुलिस पकड़े गये युवक से पूछताछ कर रही है।

## पेज एक का शेष...

**बेकाबू डंपर की टक्कर...**पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल सिपाही को अब तक 5 यूनिट खून चढ़ाया जा चुका है, लेकिन उनकी स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। इधर, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटना करने वाले डंपर को कब्जे में ले लिया है और चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस विभाग के आला अधिकारी लगातार सिपाही के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं।

**संघ कार्यकर्ता से अभद्रता...**चन्द्र पाण्डेय द्वारा मामले की जांच कर आरोपी दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने के आश्वान पर धरना समाप्त किया गया। इस दौरान पार्षद मोनू निषाद, रोहित भट्ट, प्रणय, शंकर विश्वास, लल्ला यादव, अजय शर्मा, आलोक राय, राहुल तिवारी, सरोज शर्मा, विक्की सरकार, धीरेश गुप्ता, अभय सिंह, पवन राणा, विशाल साह, मनोज घोष, प्रसन्नजीत दास, अंकित साना, करन निषाद, बीनू गुम्बर सुमित कुमार आदि मौजूद थे। इस मामले में कार्यकर्ताओं ने आज एसएसपी से भी मुलाकात की।

**स्मैक के साथ दो युवक...**में बताई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गणेश दत्त भट्ट, एएसआई रवीश राम, कांस्टेबल राजेश भट्ट और राजीव कुमार शामिल रहे।

**बेहड़ ने समर्थकों के साथ...**मलिक, गौरव खुराना, इन्दर जीत सिंह, पवन वर्मा, मोहन, राजेश सिंह, सुमित राय, संजीव रस्तोगी, प्रीती साना, तरुण नेगी, फरमान सिद्दीकी, राजू छाबड़ा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भविष्य के पुस्तकालयों पर आईआईएम में अंतरराष्ट्रीय संवाद

काशीपुर (उद संवाददाता)। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर ने अपने परिसर में एशियन लाइब्रेरीज के 9वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 16 से 18 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जा रहा है जिसका आयोजन एशियन लाइब्रेरी एसोसिएशन, नई दिल्ली के सहयोग से "विकसित होती सूचना परिदृश्य: पुस्तकालयों को भविष्य के लिए तैयार करना" विषय के अंतर्गत किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में उत्तराखंड सरकार के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस अवसर पर अपने संबोधन में आनंद



बर्द्धन ने सूचना की प्रचुरता और डेटा आधारित शासन के इस युग में पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत जैसे तक्षशिला और नालंदा का उल्लेख करते हुए उन्होंने पुस्तकालयों को गतिशील, सुलभ और प्रौद्योगिकी सक्षम ज्ञान केंद्रों के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उत्तराखंड सरकार द्वारा पुस्तकालय अवसंरचना को सुदृढ़ करने और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों का भी उल्लेख किया।कार्यक्रम के दौरान आईआईएम काशीपुर के निदेशक प्रो. नीरज द्विवेदी, कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत, ऊधम सिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, एशियन लाइब्रेरी एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. के. शर्मा तथा आईआईएम काशीपुर की पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष प्रो. ए. वी. रमण भी उपस्थित रहे। सम्मेलन के माध्यम से पुस्तकालयों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अगले एक साल में बिछेगा आधुनिक सड़कों का जाल

## इंफ्रा प्रोजेक्ट्स के पूरा होने से पर्यटन और तीर्थाटन को मिलेगी नई गतिः धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद ढाई घंटे में दिल्ली का सफर ख्वाब से हकीकत बन चुका है। शुरुआती तीन दिनों में इस आधुनिक एक्सप्रेस वे से गुजरने वाले यात्रियों के अनुभव शानदार रहे हैं। अच्छी बात यह है कि सड़क रेल परियोजनाओं की यही रफ्तार अगले एक साल बनी रहेगी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण इंफ्रा प्रोजेक्ट पूरे होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार के सहयोग से वर्तमान में राज्य के भीतर करीब एक लाख 30 हजार करोड़ के कई इंफ्रा प्रोजेक्ट पर कार्य गतिमान है। इसी क्रम में देहरादून को अगले महीने तक 1650 करोड़ के लागत से तैयार पौंटा साहिब देहरादून फोर लेन मार्ग की सुविधा भी मिलने वाली है यह मार्ग लगभग बनकर तैयार हो चुका है। इसके बाद जून में सहारनपुर बाईपास से हरिद्वार तक छह



लेन वाला 51 किमी हाईवे भी यातायात के लिए उपलब्ध हो जाएगा। जबकि इसी साल अक्तूबर तक हरिद्वार बाईपास के प्रथम चरण का भी कार्य पूरा किए जाने की तैयारी है कुल 1600 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है जो आगामी कुंभ मेला के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।इधर कुंभ क्षेत्र की एक और प्रमुख सड़क परियोजना ऋषिकेश बाईपास पर भी अगस्त तक काम शुरु होने की उम्मीद है इस परियोजना पर 1100 करोड़ की लागत आएगी। केंद्र सरकार ने 716 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 12 किमी लंबा झाझरा आशारोड एलिवेटेड रोड को भी अगले साल अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कुमांऊ क्षेत्र की बात करें तो 1050 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 21 किमी लम्बा रूद्रपुर फोरलेन बाईपास इसी साल अक्टूबर तक पूरा किए जाने की तैयारी है इससे रुद्रपुर शहर का जाम खत्म हो सकेगा। वहीं 936 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 15 किमी लंबा काशीपुर बाईपास भी इसी साल दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। सीमांत क्षेत्र की एक और महत्वपूर्ण सड़क परियोजना टनकपुर पिथौरागढ़ लिपुलेख का निर्माण कार्य भी अगले एक साल में पूरा होने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आधुनिक सड़कें ही किसी राज्य की भाग्य रेखा होती हैं। अपने इसी विजन के अनुसार प्रधानमंत्री उत्तराखंड में सड़कों का जाल बिछाने पर जोर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से इसमें से कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अगले एक साल में पूरी हो जाएगी। साथ ही हम इसी साल के अंत तक कर्णप्रयाग रेललाइन के प्रथम चरण के कार्यों को भी लोकार्पण कराने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इससे उत्तराखंड के पर्यटन और तीर्थाटन को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि राज्य में कनेक्टिविटी सुधरने से विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

# भाजपा नेता चुघ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से रुद्रपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने भेंट की और उन्हें राज्यसभा सांसद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने राजनीतिक चर्चा करते हुए कहा कि पिछले दिनों बिहार में हुए विधानसभा चुनाव में भी प्रचार करने का समय मिला। जहां उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधानसभा क्षेत्र व दूसरे क्षेत्र में एक माह तक प्रचार किया। चुघ ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से राजनीतिक मुद्दों पर




चर्चा हुई। जिस पर उन्होंने स्नेहाशीष देते हुए कहा कि केंद्र और उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है और जल्द ही उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होना है ऐसे में सभी कार्यकर्ता एकजुट विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए। चुघ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से आशीर्वाद लिया जिस पर उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सिलेंडर समस्या को लेकर व्यापारी नेता दलजीत डीएसओ से मिले


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम स्थित इंडेन गैस एजेंसी के कार्यालय जाकर व्यापारी नेता दलजीत सिंह दल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष देवभूमि व्यापार मंडल ने जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने इंडियन गैस की व्यवस्था के साथ आम जनमानस उपभोक्ताओं की परेशानियों को देखकर कई सवालो को संज्ञान में डाला। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा व्यापारी नेता को आश्वस्त किया गया कि पूर्ण रूप से व्यवस्था को लेकर पूर्ण निगरानी के साथ देखने पर नैनीताल अपने कार्यालय जाता हूं।व्यवस्था को जल्द सुधारने का प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर दलजीत सिंह दल्ली ने प्रबंधक कार्यालय जाकर बात करनी चाही उनकी अनुपस्थिती में सहायक प्रबंधक को परेशानियों से अवगत कराया। जिस पर नाराजगी के साथ बुकिंग व्यवस्था को ठीक करना व समय पर डीएसी का जल्द से जल्द निवारण कर गैस सिलेंडर की व्यवस्था की जानी चाहिए। शिकायत और सुझाव के लिए टोल फ्री नंबर भी लागू करना चाहिए। उन्होंने बताया डिलीवरी संबंधित क्षेत्र डिलीवरी बॉय द्वारा सही से व्यवस्था के बारे में ना बताना कई बातों की टालमटोल कर बताना व्यवस्था के हिसाब से गुमराह करना आम उपभोक्ताओं के लिए परिवार के आगे बड़ी दुविधा का कई बार सामना करना पड़ता है। व्यापारी नेता दलजीत सिंह दल्ली ने अपनी नाराजगी बया कर व्यवस्था में सुधार पर जोर देने की बात कही।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर विधि विधान से शुरू हुआ श्री रामायण पाठ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गल्ला मंडी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर के 18वें चार दिवसीय विग्रह स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मंदिर परिसर में श्रद्धा और उल्लास के साथ विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के बीच श्री रामचरितमानस जी का अखंड पाठ प्रारंभ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रामायण पाठ में सम्मिलित होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। पूजा-अर्चना का कार्य मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेंद्र पाल शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन नारंग ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि स्थापना दिवस महोत्सव चार दिनों तक भव्य रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि



शनिवार, 18 अप्रैल को प्रातः 10 बजे अखंड रामायण पाठ का भोग डाला जाएगा, जिसके पश्चात उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आयोजित होने वाला सामूहिक विवाह कार्यक्रम होगा। गुलशन नारंग ने बताया कि मंदिर की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया पर निर्धन कन्याओं का विवाह पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम के साथ संपन्न कराया जाएगा। 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे बारात का भव्य स्वागत किया जाएगा, जिसके उपरांत वैदिक पद्धति से विवाह संस्कार पूर्ण होंगे। दोपहर एक बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है। अध्यक्ष गुलशन नारंग ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य और धार्मिक उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य के सहभागी बनें। इस अवसर पर गगन वाधवा, मनोज अरोड़ा, सर्वेश मौर्य, अक्ष नारंग, संजय गर्ग, राकेश अग्रवाल, कुंज बिहारी श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, पवन अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, देशराज तागरा सहित मंदिर समिति के अनेक पदाधिकारी और सेवादार उपस्थित रहे।



# बिना लाइसेंस और मनमानी कीमतों पर सब्जी कारोबारियों पर प्रशासन सख्त

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में सब्जी बाजार में चल रही मनमानी को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। रामनगर मंडी समिति के सचिव सहील अहमद ने शुक्रवार को लखनपुर क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उन व्यापारियों को कड़ी चेतावनी दी जो बिना लाइसेंस के कारोबार कर रहे हैं और उपभोक्ताओं से मनमाने दाम वसूल रहे हैं।सचिव सहील अहमद अपनी टीम के साथ लखनपुर इलाके में पहुंचे, जहां कई सब्जी दुकानों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अनेक फुटकर व्यापारी बिना वैध मंडी लाइसेंस के ही व्यापार कर रहे हैं। सचिव ने ऐसे सभी व्यापारियों को सख्त हिदायत दी कि वे तुरंत अपना मंडी लाइसेंस बनवाएं, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल केवल चेतावनी दी गई है, लेकिन भविष्य में बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि कई दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं थी। इस पर नाराजगी जताते हुए सचिव ने निर्देश दिए कि हर दुकान पर स्पष्ट रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य होगा ताकि उपभोक्ताओं को सही कीमत की जानकारी मिल सके। मुनाफे के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए उन्होंने कहा कि व्यापारी मंडी के निर्धारित रेट से अधिकतम 25 से 30 प्रतिशत तक ही मार्जिन रखें। 50 से 100 प्रतिशत तक का मनमाना मुनाफा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सचिव ने बताया कि यह अभियान उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है और शनिवार से प्रशासन की सख्ती और बढ़ेगी। अब हाट-बाजारों में भी औचक छापेमारी की जाएगी, जहां व्यापारियों के गेट पास और दस्तावेजों की सघन जांच होगी। बिना वैध कागजात के माल लाने वालों पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस कड़े रुख से बाजार में हड़कंप मचा हुआ है।



# खाद्य पदार्थों के नमूनें सही नहीं होने पर 6.90 लाख का जुर्माना

## पूर्व में खाद्य सुरक्षा महकमे ने लिये थे सैंपल, न्यायालय ने सुनाया फैसला

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। यहां खाद्य सामग्री के नमूने मानकों के अनुरूप सही नहीं पाए गए, तो न्यायालय ने संबंधित खाद्य कारोबारियों एवं उनकी कंपनी को 6.90 लाख रूपये के जुर्माने से दंडित किया है। कुल 07 कारोबारियों व फर्मों को जुर्माना ठोका है। यह नमूने पूर्व में खाद्य सुरक्षा महकमे ने लिये गए थे, जिन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला रूद्रपुर भेजा गया था।सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच में जिन खाद्य पदार्थों के नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए हैं, उनमें कैच मिर्च पाउडर, डाबर हनी, अनुपजी प्रीमियम रस्क, ह्वाइट ओटस आदि शामिल हैं। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधितों के खिलाफ न्याय निर्णायक अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट, अल्मोड़ा के न्यायालय में वाद दायर किये गये। इन वादों पर निर्णय देते हुए न्यायालय ने खाद्य कारोबारियों एवं संबंधित कंपनियों को कुल 6,90,000 रूपये के जुर्माने से दंडित किया है।खाद्य पदार्थ डाबर हनी के विक्रेता को 30 हजार रुपये, डाबर इण्डिया लिमिटेड मनकपुर, तहसील बद्दी सोलन, एचपी निर्माता कम्पनी को 4 लाख, डीएस स्पाइस कंपनी लिमिटेड, जीएस नागपुर, यूपी को 50 हजार रूपये, पीकेएस फूड प्रोडटस, गौरीपुर, बागपत को 40 हजार रुपये, लक्ष्मी फूड, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को 80 हजार रूपये, मैं श्री रामचन्द्र रामशरण दास, 375/19, खरी बाउली, दिल्ली को 50 हजार रूपये तथा विक्रेता दीपन सिंह बिष्ट, द्वाराहाट, अल्मोड़ा को कालातीत खाद्य सामग्री विक्रय करने पर 40 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया गया।